प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

डॉ परमार जयंती

हिमाचल निर्माता और राज्य के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की आज 119 वी जयंती है। राज्य के लिए उनके योगदान को आज विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विशेष तौर पर याद किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने डॉक्टर परमार को याद करते हुए कहा कि पहाड़ी अस्मिता को स्वर और स्परूप देने वाले डॉक्टर परमार असल मायनों में कर्मयोगी थे। उन्होंनें कहा कि हिमालय जैसा उंचा उनका व्यक्तित्व और विचार आज भी हमें पूरी निष्ठा के साथ जनसेवा के मार्ग पर अड़िग रहने की प्रेरणा देता है। इस बीच शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्व परमार की प्रतिमा पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। वहीं, पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह आज विधानसभा परिसर में श्रद्धांजलि समारोह में डॉ परमार को समर्पित चित्र प्रदर्शनी का शुभारम्भ करेंगे। इस अवसर पर डॉ परमार के परिवारजनों को भी सम्मानित किया जाने का कार्यक्रम है।

कांग्रेस – भाजपा बैठकें

प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की एक अहम बैठक आज नई दिल्ली में होने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित वरिष्ठ नेता बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान प्रदेश के कई अहम मुद्दों सहित संगठन की कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी चर्चा होगी। वहीं दूसरी ओर भाजपा की राज्य के 17 संगठनात्मक जिलों में जिला स्तर की कार्यकारिणियों के गठन को लेकर आज बैठकें होंगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता–

*डिस्पैच–हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस संगठन के गठन की कवायद तेज हो गई है। आज कांग्रेस की दिल्ली में बड़ी बैठक होगी जिसमें प्रभारी रजनी पाटिल,मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्री और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह को नई दिल्ली में बुलाया गया है। दोपहर बाद राहुल गांधी कांग्रेस के संगठन और अढ़ाई साल के सुक्खू सरकार के कार्यों को लेकर रिपोर्ट लेंगे जिसके बाद शीघ्र कांग्रेस के नए संगठन का ऐलान हो सकता है। दूसरी तरह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी के बाद अब जिलाकार्यकारिणी का गठन किया जाना था, जिसके लिए दिल्ली से लेकर शिमला में बैठकों का दौर पूरा हो चुका था। इसके बाद राज्य कार्यकारिणी की घोषणा होनी थी। इसी बीच, दिल्ली दौरे के दौरान भाजपा नेताओं की पार्टी के मुख्यालय में बैठक हुई।*

पुलिस भर्ती

प्रदेश लोक सेवा आयोग ने 15 जून को हुई पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग द्वारा जारी प्रारंभिक चयन सूची के अनुसार पुलिस के 1088 पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा को 1964 उम्मीदवारों ने उत्तीर्ण किया है भर्ती प्रक्रिया में अब दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया आरंभ होगी।

भाखड़ा बांड निरीक्षण

भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरमैन मनोज कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में कल एक दाल में तलवाड़ा में पौंग बांध का निरीक्षण किया तथा पावर हाउस, टरबाइनों व 52 गेट का भी मुआयना किया। लगातार हो रही बारिश के चलते बाँध का निरीक्षण किया गया है। चेयरमैन मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अभी तक मेन गेट में दो फुट तक पानी पहुंचा है लेकिन अब जलस्तर बढ़ने के कारण मेन गेटों पर पानी का दवाब बढ़ जाएगा। उन्होंने लोगों से न घबराने की अपील की है और कहा की लोग ब्यास नदी किनारे न जाएं तथा हर समय सतर्क रहें।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई जिलों में आज भी मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। कुल्लू जिला के मनाली उपमंडल में भारी वर्षा के चलते प्रशासन ने आज सभी शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित किया है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी ळें अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता–

रितेश कपूर–*हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है ज़िला लाहौल–स्पीति में ग्रामफूदूबताल राष्ट्रीय उच्च मार्ग –505 चातरु के पास भूस्खलन के चलते अवरुद्ध है जबकि राज्य में 2 सौ 96 अन्य संपर्क सड़कें भी यातायात के लिए बाधित हैं इसके आलावा प्रदेश में एक सौ 34 बिजली के ट्रांसफार्मर और दो सौ 66 पेयजल योजनाएं भी बंद पड़ी हैं। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जबकि कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है ।*

टीजीटी भर्ती तिथि

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग की ओर से जारी टीजीटी भर्ती में आवेदन की तिथि को तीसरी बार बढ़ाया गया है। आयोग के अनुसार राज्य में मौजूद आपदा के हालात को देखते हुए आवेदन तिथि को 31 अगस्त तक बढ़ाया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया में टीजीटी आर्ट्स के 437 टीजीटी नॉन मेडिकल के 343 और टीजीटी मेडिकल की 169 पद भरे जाने हैं।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज समाचार पत्रों ने मॉनसून से नुकसार व मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–लाहौल में पुल बहा, मंडी–शिमला में दो की मौत, आज सात जिलों में बारिश का अलर्ट। पंजाब केसरी के शब्द हैं–लाहौल–स्पीति के दरेड नाले में बाढ़ से पुल बहा, उदयपुर से संपर्क कटा। दैनिक सवेरा टाइम्स ने खबर दी है–राहुल गांधी के साथ हिमाचल कांग्रेस की अहम बैठक।